SI. No.	Name of the Subscriber	Telephone No.
32.	M/s. T.E. Udyog, Lulpuli	22057
33.	Nilam Gogoi, Makum Road	22874
34.	Charill T.E.	20237
35.	Govind Prasad Agarwal, Borkhola TE.	23802
36.	Milahihahim Kalhakure	
37.	Mahakill TE.	20100
38.	Talap T.E.	23555
39.	Deoha TE.	23499
40.	Kevhug T.E.	23700

Long Distance Subscribers from Tinsukia Telex Exchange

SI. No.	Subscriber Name	Telex No.
1.	Marina Ply Wood, Makum	288205
2.	I.O.C.	288212
3.	Khung TE	288214
4.	Chief Engineering Project Udyog, Doomdooma	288216
5.	HPCN Namrup	288217
6.	Doomdooma T.E. Company	288218
7.	Panitola T.E.	288222
8.	Deo Hal T.E.	288237
9.	Rangagorha T.E.	288244
10	M/s. CMO & Co. Nakum	288246
II.	SBI Duliajan	288248
12	OIL, Duliajan	288249
13	Assam Gas Co. Duliajan	288250
14	Assam Petrochemicals LTD Namrup	288215
15	Veelav Mill, Tinsukia	288206

यांत्रिक एक्सचेंजों को इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों में बदला जाना

3627. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जून, 1994 तक यांत्रिक एक्सचेंजों को इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों में बदले जाने का राष्ट्रीय औसत क्या था,

(ख) इसी अवधि के दौरान इस संबंध में मध्य प्रदेश राज्य दूरसंचार सर्किल का औसत क्या था, और

(ग) वर्ष 1994-95 के दौरान देश में राज्यवार वर्तमान यांत्रिक टेलीफोन एक्सचेंजों को इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज में बदलने के लिए क्या कार्यवाही की गई है/की जाएगी?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जून, 94 तक पूरे भारत में टेलीफोन एक्सचेंजों की सज्जित क्षमता 99,10,194 है। इसमें से इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों की क्षमता 70,66,863 है जो 71.3% है। शेष 20.7% इलैक्ट्रो-मैकेनिकल एक्सचेंज है। 31 मार्च की स्थिति के अनुसार गत तीन वर्षों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

सज्जित क्षमता

निम्नलिखित की स्थिति के अनुसार	इलैक्ट्रानिक	इलैक्ट्रो-मैकेनिकल
1992	32,13,675(47.34%)	35,75,632(52.66%)
1993	47,68,534(60.2%)	31,56,554(39.8%)
1994	69,54,922(71%)	28,43,331(29%)

(ख) 31 मार्च की स्थिति के अनुसार ब्यौरे इस प्रकार हैं:-

सज्जित क्षमता

निम्नलिखित की स्थिति के अनुसार	इलैक्ट्रानिक	इलैक्ट्रो-मैकेनिकल
1992	2,08, 112(59%)	1,44,655(41%)
1993	3,47,251(72.6%)	1,31,338(27.4%)
1994	4,98,771(80.1%)	1,24,085(19.9%)

(ग) जानकारी अनुपत्र में दी गई है।[देखिए परिशिष्ट 171, अनुपत्र सं. 63]

स्मारक डाक टिकट

3628. **श्री गोविन्दराव आदिक:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि अहमदनगर पंचशताब्दी समिति ने अहमदनगर शहर और किले के 500 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में अहमदनगर के किले और रानी चांदबीबी की स्मृति में स्मारक डाक-टिकट जारी करने का आग्रह किया था;

(ख) यदि हां, तो इस अनुरोध को अब तक स्वीकार न किए जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) इस स्मारक डाक-टिकट को कब तक जारी किया जाएगा?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) और (ख) अहमदनगर दुर्ग के 500 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में तथा चांदबीबी पर एक स्मारक डाक-टिकट जारी करने के संबंध में श्री यशवंत राव पाटील, संसद सदस्य (लोक सभा) से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। यह प्रस्ताव

फिलैटेलिक सलाहकार समिति के समक्ष दिनांक 11.05.1992 को विचारार्थ रखा गया था तथा बाद में फिलैटेलिक सलाहकार समिति की उप-समिति ने इस प्रस्ताव की जांच की थी। तथापि, समिति ने इस प्रस्ताव की सिफारिश नहीं की।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

उपभोक्ताओं के निवास पर मीटर लगाया जाना

3629. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उपभोक्ताओं के निवास में मीटर लगाने का विचार रखती है,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) उपभोक्ताओं के अहाते में मीटर संस्थापित करने के प्रस्ताव की जांच की गई, परन्तु इसे व्यवहार्य नहीं पाया गया।

डाकियों द्वारा अपने घरों से चलाए जाने वाले डाकघर

3630. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र के प्रत्येक जिले में कितने-कितने डाकघर हैं और उनके जिलावार नाम क्या-क्या हैं;

(ख) उपर्युक्त डाकघरों में से ऐसे कितने डाकघर हैं जहां केवल डाकिया ही सारा कार्य देखता है;

(ग) क्या यह सच है कि ऐसे डाकघर घरों में चलाए जा रहे हैं और वहां डाक सामग्री समय पर उपलब्ध नहीं होती है;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की डाक-तार सेवा को सुचारू बनाने के लिए कोई कदम उठाने का विचार रखती है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (च) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभापटल पर रख दी जाएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित डाकघरों में बचत खातों में गड़बड़ी

3631. **श्री कनकसिंह मोहन सिंह मंगरोला:**
श्री आस मोहम्मद:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित डाकघरों में बचत खातों में गड़बड़ी की घटनाएं हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान हुए ऐसे मामलों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इस बात को सुनिश्चित करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए है ताकि इस प्रकार की घटनाएं न हों?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (ग) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभापटल पर रख दी जाएगी।

स्पीड पोस्ट सेवा

3632. **श्री आस मोहम्मद:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सभी राज्यों की राजधानियों में स्पीड पोस्ट सेवा अभी तक शुरू नहीं की गई है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और किन-किन राजधानियों में यह सेवा आज की तारीख तक विद्यमान नहीं है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी नहीं। सभी राज्यों की राजधानियों की स्पीड पोस्ट सेवा के राष्ट्रीय नेटवर्क अथवा प्वाइंट-टू-प्वाइंट स्पीड पोस्ट सेवा द्वारा कवर किया गया है।

(ख) और (ग) उपर्युक्त "क" के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

डाक सेवाओं हेतु नई नीति

3633. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने डाक सेवा हेतु कोई नई नीति बनाई है